हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार 18 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 40 .6°c
न्यूनतम 30 .8°c

10 खरावड़ में जलघर व पशु अस्पताल की जर्जर...




11 शहर के जलघरों के टैंकों में जमी गाद से 20...



## शहर में आज

- आरडब्लयूए की मांगों को लेकर बैठक सुबह 10 बजे
- वार्ड-10 में सफाई अभियान सुबह 11 बजे
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे

## खबर संक्षेप

### अवैध देशी पिस्तौल के साथ युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस ने अवैध हथियार रखने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान साहिल पुत्र राजवीर निवासी विजयनगर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक देशी पिस्तौल बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से कोर्ट के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले में नियमानुसार आगामी कार्रवाई कर रही है।

### बंधक बना भाभी से रेप करने के आरोप में केस

**रोहतक।** बहु अकबरपुर थाना पुलिस ने एक विवाहित महिला की शिकायत पर उसके देवर के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट, बंधक बनाने और जान से मारने की धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है और आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके देवर ने 6 जुलाई से 15 जुलाई के बीच उसे घर के अंदर जबरन बंधक बनाकर रखा। इस दौरान आरोपी ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और तार से गला दबाकर जान से मारने की धमकी भी दी गई।

### मायके आई विवाहिता रहस्यमय ढंग से लापता

**रोहतक।** लाखनमाजरा थाना क्षेत्र से एक विवाहिता रहस्यमय हालात में लापता हो गई। ससुराल से विवाद के बाद मायके आई महिला घर से बिना बताए चली गई और वापस नहीं लौटी। परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर पुलिस से मदद की गुहार लगाई। गांव गिरावड़ निवासी बस्ती पुत्र टेकु ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी प्रीति की शादी गांव खरेंटी में हुई थी। कुछ समय पहले वह ससुराल में हुए विवाद के बाद मायके आकर रहने लगी थी। शिकायत के अनुसार, 14 जुलाई को दिन के समय प्रीति बिना किसी को बताए घर से चली गई। लाखनमाजरा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

# भले ही अफवाह निकली बम की धमकी, पर बुरी तरह डर गए बच्चे

## नगर निगम कार्यालय और मॉडल स्कूल को आनन फानन में करवाना पड़ा खाली

- निगम कमिश्नर को सुबह 6:45 बजे मिली मॉडल स्कूल व निगम को बम से उड़ाने की ई-मेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम कार्यालय व मॉडल स्कूल को शुक्रवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिलने से शहर में हड़कंप मच गया। निगम के आधिकारिक ई-मेल पर आए धमकी भरे संदेश में दोनों स्थानों को निशाना बनाने और समय का भी उल्लेख किया गया था। हालांकि बम मिलने की धमकी अफवाह निकली, लेकिन बच्चे बुरी तरह डर गए थे। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं। एहतियात के तौर पर निगम कार्यालय खाली कराया गया व मॉडल स्कूल से बच्चों, शिक्षकों और स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकाला गया। दोनों परिसरों के चारों ओर सुरक्षा घेरा बना भारी पुलिस बल तैनात किया गया। बम निरोधक दस्ते व सुरक्षा एजेंसियों ने परिसर की गहन जांच की। घटना की सूचना फैलते ही क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए। पुलिस ई-मेल भेजने वाले की पहचान में जुटी है।








### मेयर खुद मौके पर पहुंचे

साढ़े 12 बजे मेयर रामअवतार वाल्मिकी खुद जांच करने के लिए नगर निगम में पहुंच गए। वहीं उन्होंने तुरंत एसपी को फोन कर गहन जांच के आदेश दिए। कहा कि यह किसी ने फेक मेल भेजी है। हमें डरने की जरूरत नहीं है। सभी सयंम बनाए रख किसी तरह की कोई घटना नहीं होगी। ऐसे में उन्होंने मॉडल स्कूल का भी निरीक्षण किया। निगम के हर एक कमरे की जांच की। प्रशासन की तरफ से एसडीएम आशीष कुमार, आर्य नगर थाना प्रभारी नरेश राठी सहित पुलिस बल और बम स्क्वायड टीम ने मौके का निरीक्षण किया।

### सिर्फ डराने की कोशिश

नगर निगम पहुचें पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नया भारत है। यहां पर ऐसा कुछ भी नहीं हो सकता। इस फर्जी मेल के माध्यम से सिर्फ डराने की कोशिश की जा रही है। जिला प्रशासन पूरे अलर्ट मोड पर है। आमजन से भी अपील है कि इस तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। यह सिर्फ फर्जी मेल है, इस तरह की कोई घटना नहीं होगी।



Haryana BanayGa Khalistan

Rohtak Municipal Comm Office @9:11am
Modi Te B"0mb IED Hamla
School @11:11am
Office @1:11am

Apne Bachay Bachao
Khalistan Wale Bachian Khilaf Nahin

Modi Hindu Attwadi
Dushmna ha Khalistan Sikhan da:
Sikh Kisana da: Punjab da

Diljit Dosanjh de Satluj Rok Lagai ha, ajj Diljit
Shaheed Khalra de BADLA
25,000 Khalistan Sikhan da BADLA

KHALISTAN National ARMY
Eng. Guranakh Singh
Rukan Shahwala

Dr. Gurnirvair Singh
Khan Rajada

### सवा दो बजे वापस निगम पहुंचे कर्मी

सवा दो बजे के करीब पूरी जांच होने के बाद निगम के कर्मचारी वापस अपने-अपने कार्यालयों में पहुंच गए। वहीं दोबारा से अपने रोजाना के कार्य करने शुरू किए। इसकी सूचना मिलने के बाद कर्मचारियों को निगम के दूसरे कार्यालय में सुरक्षित जगह पर पहुंचा दिया गया था। ऐसे में पूरी जांच के बाद ही उन्हें वापस निगम कार्यालय में बुलाया गया।

### अभिभावकों में बच्चों को लेकर दिखी चिंता

धमकी मिलने के बाद नगर निगम कार्यालय और स्कूल के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई। अभिभावकों में अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता दिखाई दी। वहीं अभिभावक स्कूल पहुंचे तो उन्हें बस जल्द से जल्द अपने बच्चों को बाहर निकालने की कोशिश की। कहीं अनहोनी न हो जाए। ज्यादातर अभिभावक जल्दी में नजर आए जैसे वह बस अपने बच्चों को लेकर तुरंत भाग जाने के लिए आए हो।

### पुलिस ने मौके पर लोगों और अभिभावकों को समझाया

पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि फिलहाल सुरक्षा के सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। किसी को भी परेशान होने की जरूरत नहीं है। पुलिस का निगम और स्कूल के आसपास पूरा पहरा देखने को मिला।

# जाट एजुकेशन सोसायटी के प्रधान और महासचिव बहाल

- स्टेट रजिस्ट्रार ने जिला रजिस्ट्रार के 24 जून के आदेश पर तत्काल प्रभाव से लगाई रोक

**रोहतक।** जाट एजुकेशन सोसायटी के नेतृत्व को लेकर चल रहे विवाद में शुक्रवार को नया घटनाक्रम सामने आया। हरियाणा के स्टेट रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटीज ने जिला सोसायटी रजिस्ट्रार के 24 जून 2026 के उस आदेश के क्रियान्वयन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी, जिसमें सोसायटी के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना और महासचिव नवदीप कुमार की आजीवन सदस्यता समाप्त कर उन्हें पदों से हटाने के निर्देश दिए गए थे।

स्टेट रजिस्ट्रार के अंतरिम आदेश के बाद दोनों को राहत मिल गई है और अंतिम निर्णय होने तक वे अपने पदों पर बने रहेंगे। जिला रजिस्ट्रार के आदेश के विरुद्ध गुलाब सिंह दिमाना और नवदीप कुमार ने स्टेट रजिस्ट्रार के समक्ष अपील दायर की थी। अपील पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद स्टेट रजिस्ट्रार ने जिला रजिस्ट्रार के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाते हुए दोनों पक्षों को नोटिस जारी किए हैं। अब मामले की विस्तृत सुनवाई राज्य स्तर पर होगी। अंतिम निर्णय आने तक जिला रजिस्ट्रार का 24 जून का आदेश प्रभावी नहीं रहेगा।

### नियमों के विरुद्ध था आदेश





गुलाब सिंह दिमाना और नवदीप कुमार ने कहा कि जिला रजिस्ट्रार का आदेश नियमों और तथ्यों के अनुरूप नहीं था। उनका कहना है कि उन्हें पूरा अवसर दिए बिना निर्णय लिया गया, इसलिए उन्होंने नियमानुसार स्टेट रजिस्ट्रार के समक्ष अपील की। स्टेट रजिस्ट्रार से अंतरिम राहत मिलने के बाद उन्होंने कहा कि उन्हें न्यायिक प्रक्रिया पर पूरा भरोसा है और अंतिम सुनवाई में भी उन्हें न्याय मिलने की उम्मीद है।

### यूं शुरू हुआ विवाद

विवाद तब शुरू हुआ जब कॉलेजियम सदस्य एवं पूर्व उपप्रधान नरेश कुमार (काला) बोहर, कोषाध्यक्ष सुधीर व अन्य सदस्यों ने डीसी को शिकायत देकर संस्था में वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं के आरोप लगाए थे। शिकायत में हरियाणा रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन ऑफ सोसायटीज एक्ट, 2012 तथा सोसायटी के बाई-लॉज के उल्लंघन का भी आरोप था। डीसी के निर्देश पर जिला सोसायटी रजिस्ट्रार ने मामले की जांच शुरू की।

### 24 को दिए थे हटाने के निर्देश

जांच पूरी होने के बाद जिला सोसायटी रजिस्ट्रार ने 24 जून को आदेश जारी कर गुलाब सिंह दिमाना और नवदीप कुमार की आजीवन सदस्यता समाप्त कर उन्हें पद से हटाने के निर्देश दिए थे। जिला रजिस्ट्रार ने आदेश में शिकायतों व उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर कार्रवाई का उल्लेख किया था। इसके बाद दोनों पदाधिकारियों ने इस आदेश खिलाफ अपील दायर कर दी।

# ज्वेलर्स शोरूम में चोरी के दो आरोपी दबोचे, 700 ग्राम सोना भी बरामद

**रोहतक।** रेलवे रोड स्थित शंकर मार्केट के एक ज्वेलर्स शोरूम से करीब 700 ग्राम सोना चोरी होने के मामले में शहर थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई ज्वैलरी भी बरामद कर ली है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें नियमानुसार न्यायिक प्रक्रिया में भेज दिया गया।

बता दें कि पुलिस ने पंजाब निवासी मंदीप की शिकायत पर शहर थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि शंकर मार्केट स्थित ज्वेलर्स की दुकान का संचालन मंजीत करता है। दुकान पर लल्ला नाम का युवक पिछले करीब पांच वर्षों से कर्मचारी के रूप में कार्यरत था।

### जांच में ये हुआ खुलासा

जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी लल्ला ने मौके का फायदा उठाकर मंदीप के बैग से दुकान की चाबी निकाल ली। इसके बाद 9 जुलाई को उसने दुकान का ताला खोलकर करीब 700 ग्राम सोने के आभूषण चोरी कर लिए और फरार हो गया। मामले की जांच कर रहे पीएसआई नरेंद्र ने कार्रवाई करते हुए 15 जुलाई को चोरी की वारदात में शामिल लल्ला पुत्र रामबहादुर तथा मनोज पुत्र जगदेव, दोनों निवासी जिला गोंडा (उत्तर प्रदेश), को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान पुलिस ने उनके कब्जे से चोरीशुदा ज्वैलरी भी बरामद कर ली। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ थाना शहर में मामला दर्ज है। मामले में आगे की जांच जारी है और चोरी की वारदात से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

# जिला कल्याण विभाग की प्रचारिका को नशीला पदार्थ सुंघाकर ले गए सोने का कंगन व अंगूठी

## पता पूछा और कर दिया बेहोश, 5 दिन के बाद आया होश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में नशीला पदार्थ सुंघाकर लूटपाट करने वाले गिरोह एक बार फिर सक्रिय नजर आ रहे हैं। इस बार बदमाशों ने हरियाणा सरकार के जिला कल्याण विभाग में कार्यरत एक महिला प्रचारिका को अपना निशाना बनाया।

आरोप है कि छोटूराम चौक से ई-रिक्शा में बैठते ही सहयात्रियों ने पता पूछने के बहाने एक पर्ची दिखाई और उसे नशीला पदार्थ सुंघा दिया। इसके बाद महिला बेसुध हो गई। होश आने पर उसके हाथ से करीब ढाई तोले के सोने के कंगन व अंगूठी गायब मिले। उपचार के बाद महिला ने पुलिस को शिकायत दी, जिस पर आर्य नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ड्यूटी के बाद बैठी थी ई-रिक्शा में

हरि सिंह कॉलोनी निवासी रोशनी देवी, जो हरियाणा सरकार के जिला कल्याण विभाग में महिला प्रचारिका के पद पर कार्यरत हैं, पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शाम करीब पांच बजे वह वुमन आईटीआई में ड्यूटी समाप्त कर छोटूराम चौक से ई-रिक्शा में बैठी थीं। ई-रिक्शा में पहले से कुछ सवारियां मौजूद थीं। इसी दौरान उनमें से एक व्यक्ति ने पता पूछने के बहाने उन्हें एक पर्ची दिखाई। पर्ची देखते ही उन्हें चक्कर आने लगे और कुछ ही देर में वह बेसुध हो गईं। पीड़िता ने बताया कि जब उन्हें कुछ होश आया तो वह खुद को घर के बाहर गली में पड़ी हुई मिलीं। उनके हाथ में पहना करीब दो तोले का सोने का कंगन और आधा तोला वजनी सोने की अंगूठी गायब थी। नशीले पदार्थ के असर के कारण उनका कई दिनों तक इलाज चला और करीब छह-सात दिन बाद सामान्य होने पर उन्होंने पुलिस को शिकायत दी।

### बेटे ने दी थी पुलिस को सूचना

पुलिस के अनुसार, पीजीआईएमएस से प्राप्त मेडिकल रुक्का के आधार पर जांच शुरू की गई थी। महिला के बेटे मनोज ने पुलिस को फोन पर बताया था कि उसकी मां को किसी ने पता पूछने के बहाने नशीला पदार्थ सुंघा दिया था। वह बेहोशी की हालत में घर के बाहर गली में मिली थीं। उपचार के दौरान उनकी स्थिति बयान देने लायक नहीं थी। स्वस्थ होने के बाद परिवार की ओर से लिखित शिकायत थाना में दी गई।

### आर्य नगर थाना में केस दर्ज, जांच शुरू

पुलिस ने शिकायत और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर 17 जुलाई में मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच एएसआई नवरतन को सौंपी गई है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और ई-रिक्शा तथा संदिग्ध यात्रियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

# लाखन माजरा में नहरी पानी चोरी करने से रोका तो जेई को जड़े थप्पड़, 4 लोगों पर केस

**महम।** लाखन माजरा से गुजरने वाली भिवानी डिस्ट्रीब्यूटरी नहर से पानी चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने अभियान चलाया। इस दौरान विभाग के जेई ने लाखन माजरा गांव में कुछ लोगों को पानी चोरी करने से रोका तो उन्होंने जेई को थप्पड़ रसीद कर दिए गए। पुलिस ने इस संबंध में चार लोगों पर केस दर्ज किया है। आरोपियों में गांव के ही सुमित पुत्र नरेंद्र, जयपाल पुत्र दुलीचंद, अजमेर पुत्र गोपी राम और मोहित पुत्र जयपाल शामिल हैं। जेई ने इसकी शिकायत पुलिस को दी है।

### आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

लाखन माजरा थाने में दी शिकायत में सिंचाई विभाग के मदीना उपमंडल में कार्यरत जेई अमन ने बताया कि उसकी ड्यूटी भिवानी सब ब्रांच आरडी 0 से 107200 पर है। बीते वीरवार को सुबह 11 बजे वह भिवानी सब ब्रांच आरडी 52300 पर था, जो मध्य गोहाना रोड के पास है। जब वह वहां पर पहुंचा तो लाखन माजरा गांव निवासी जयपाल पुत्र दुलीचंद व सुमित पुत्र नरेंद्र दो रबड़ के पाइप लगाकर पानी की चोरी कर रहे थे। जब उसने उनको पाइप हटाने के लिए कहा तो वे गाली गलौच करने लगे व अभद्र भाषा का प्रयोग किया। साथ ही उन्होंने उसको जान से मारने की धमकी दी। उसके बाद उन्होंने लाखन माजरा निवासी अजमेर उर्फ काला पुत्र गोपी राम व मोहित पुत्र जयपाल को फोन करके वहां पर बुला लिया। कुछ देर बाद वे भी वहां पर पहुंच गए। जेई अमन ने बताया कि अजमेर उर्फ काला पुत्र गोपी राम ने आते ही उसको थप्पड़ मारा। उसके साथ मारपीट की और गाली गलौच किया। जेई ने मारपीट की वारदात के बाद मेडिकल करवाया। जेई ने अपनी शिकायत के साथ पुलिस को मेडिकल रिपोर्ट भी दी है। जेई ने पुलिस से आरोपितों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## एमडीयू के सांख्यिकी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए आवेदन 27 जुलाई तक

**रोहतक।** एमडीयू ने सांख्यिकी एवं डेटा साइंस विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के 5 संविदा पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे हैं। कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने बताया कि इन पदों पर नियुक्ति शैक्षणिक सत्र 2026-27 अथवा नियमित भर्ती होने तक की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को 57,700 रुपए प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। भर्ती में 2 पद अनारक्षित, 1 ओएससी, 1 डीएससी और 1 बीसीए श्रेणी के लिए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में आवेदन, बायोडाटा और आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां 27 जुलाई 2026 शाम 5 बजे तक सहायक कुलसचिव (स्थापना शाखा, टीचिंग), एमडीयू कार्यालय में जमा करा सकते हैं। पात्र अभ्यर्थियों का वॉक-इन-इंटरव्यू 30 जुलाई 2026 को सुबह 9 बजे रजिस्ट्रार कमेटी रूम एमडीयू में होगा। अभ्यर्थियों को सत्यापन के लिए सभी मूल प्रमाण-पत्र साथ लाने होंगे। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि नियुक्ति पूरी तरह संविदा आधार पर होगी और इंटरव्यू के लिए टीए/डीए देय नहीं होगा।

# हैवानियत:10 साल के बच्चे को थप्पड़ मारकर सड़क पर पटका

- बेटों के विवाद में पड़ोसी का गुस्सा मासूम पर उतरा, सिर में गंभीर चोट, पिता ने भी मारपीट और कान में चोट लगाने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गली में बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने ऐसा हिंसक रूप ले लिया कि एक 10 वर्षीय मासूम को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ी। आरोप है कि पड़ोसी ने पहले बच्चे को साइकिल से टक्कर मारकर गिराया, फिर लगातार थप्पड़ जड़े और गुस्से में उसे उठाकर सड़क पर पटक दिया। इस पूरी घटना का वीडियो पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। घायल बच्चे के सिर में गंभीर चोट आई है और परिजनों का दावा है कि थप्पड़ों के बाद उसे सुनने में भी परेशानी होने लगी है।

राहगीर के मौके पर पहुंचने पर आरोपी वहां से भाग निकला। मामले की शिकायत मिलने के बाद कलानौर थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। गांव मांडोदी निवासी संजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 16 जुलाई को उसके 10 वर्षीय बेटे प्रिंस का गली में रहने वाले एक अन्य बच्चे से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसके बाद दूसरा बच्चा अपने पिता सुरेश को मौके पर बुलाकर ले आया। हालांकि उस समय आसपास के लोगों ने समझाइश कर मामला शांत करा दिया था और दोनों पक्ष अपने-अपने घर लौट गए।

### रात में रास्ता रोककर किया हमला

शिकायत के अनुसार, रात के समय प्रिंस घर से दुकान पर सामान लेने गया था। आरोप है कि रास्ते में पहले से मौजूद सुरेश ने उसे रोक लिया। उसने पहले साइकिल से टक्कर मारकर बच्चे को गिराया और फिर कई थप्पड़ मारे। इसके बाद आरोपी ने बच्चे को उठाकर सड़क पर पटक दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लगी। घटना के दौरान एक राहगीर वहां पहुंच गया। उसे आता देख आरोपी मौके से फरार हो गया। परिजन घायल बच्चे को तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार कराया गया।

### थप्पड़ों के बाद सुनाई देना हुआ कम

परिजनों का कहना है कि मारपीट के बाद प्रिंस को एक कान से सुनने में दिक्कत होने लगी है। चिकित्सकों ने उसकी जांच शुरू कर दी है। वहीं बच्चे की हालत पर परिजन लगातार नजर बनाए हुए हैं।

### शिकायत की तो पिता से भी मारपीट

पीड़ित के पिता संजय ने आरोप लगाया कि जब वह घटना की शिकायत करने आरोपी के घर पहुंचे तो वहां भी उनके साथ मारपीट की गई। इस दौरान उनके गले पर खरोंचें आईं और एक कान में चोट लगने से सुनने में परेशानी होने लगी। चिकित्सकों ने कान के पर्दे में चोट होने की आशंका जताई है।

### सीसीटीवी फुटेज बना अहम सबूत

पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। फुटेज में आरोपी बच्चे को थप्पड़ मारते और बाद में उठाकर सड़क पर पटकते हुए दिखाई दे रहा है। परिजनों ने यह फुटेज पुलिस को सौंपते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### पुलिस हर पहलू से कर रही जांच

कलानौर थाना पुलिस का कहना है कि 10 वर्षीय बच्चे के साथ मारपीट की शिकायत प्राप्त हुई है। पीड़ित बच्चे और उसके परिजनों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। शिकायत के साथ सीसीटीवी फुटेज भी मिला है, जिसकी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि सभी साक्ष्यों और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## पीजीआईएमएस की इमरजेंसी में लगी हाईटेक ऑटो एनालाइजर मशीन

# 24 घंटे होगी सैंपल जांच, मिनटों में मिलेगी ब्लड रिपोर्ट

विजय अहलावत ▶▶| रोहतक

पीजीआईएमएस के आपातकालीन वार्ड में हर मिनट कीमती होता है। ऐसे में अगर मरीज के ब्लड टेस्ट की रिपोर्ट जल्दी मिल जाए तो इलाज भी बिना देरी शुरू हो सकता है। इसी को देखते हुए पीजीआई के आपातकालीन विभाग को नई हाईटेक ऑटो एनालाइजर मशीन मुहैया करवाई गई है। यह मशीन 24 घंटे सातों दिन लगातार ब्लड सैंपल की जांच करेगी, बल्कि पहले की तुलना में कहीं अधिक सैंपलों की प्रोसेसिंग कर सकेगी। इससे गंभीर मरीजों को समय पर जांच रिपोर्ट मिलने के साथ उपचार की गति तेज होगी। करोड़ों की लागत से खरीदी नई मशीन पहले के मुकाबले अधिक संख्या में सैंपलों की जांच करने में सक्षम है। अब तक कई वर्षों से पुरानी मशीन से जांच की जा रही थी। बढ़ते मरीजों के दबाव के कारण पुरानी मशीन पर कार्यभार अधिक था, जिससे कई बार रिपोर्ट आने में समय लग जाता था। मशीन जल्द लैब में स्थापित कराई जाएगी।

### आपातकालीन विभाग से वार्ड में मरीज किए जाते रेफर



**रोहतक।** पीजीआई के आपातकालीन वार्ड में आई मशीन। *फोटो : हरिभूमि*

आपातकालीन विभाग में जरूरत के अनुसार मरीजों को संबंधित वार्डों में भर्ती कर रेफर किया जाता है। ऐसे मरीजों के लिए समय पर जांच रिपोर्ट आवश्यक होती है। नई मशीन से रिपोर्ट जल्दी उपलब्ध होने से भर्ती और उपचार की प्रक्रिया भी पहले की अपेक्षा अधिक सुचारु हो सकेगी। इससे आपातकालीन सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार आएगा। मशीन की तकनीक जांच की सटीकता बढ़ाने के साथ मानवीय त्रुटियों की संभावना कम करेगी। 24×7 संचालन क्षमता के कारण रात के समय आने वाले मरीजों को भी जांच के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

**कुलपति के प्रयासों से मिली मशीन:** लैब की तरफ से आधुनिक मशीन की डिमांड की गई थी। पीजीआई के कुलपति डॉ एचके अग्रवाल के प्रयासों से मशीन उपलब्ध हो पाई। पीजीआई में नई मशीन की स्थापना से मरीजों को बेहतर, तेज और अधिक विश्वसनीय जांच सुविधा मिलेगी। साथ ही बढ़ती मरीज संख्या के बीच अस्पताल की कार्यक्षमता में भी सुधार होगा, जिससे आने वाले समय में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक प्रभावी बन सकेंगी।

### रोजाना पांच सौ तक पहुंच रहे मरीज

पीजीआईएमएस का आपातकालीन विभाग प्रदेश के सबसे व्यस्त आपातकालीन केंद्रों में शामिल है। यहां प्रतिदिन करीब 400 से 500 मरीज पहुंचते हैं। सड़क दुर्घटनाओं, हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक, गंभीर संक्रमण तथा अन्य आपातकालीन बीमारियों के मरीजों के लिए ब्लड जांच बेहद महत्वपूर्ण होती है। जांच रिपोर्ट के आधार पर डॉक्टर आगे की उपचार योजना तय करते हैं। ऐसे में जांच प्रक्रिया का तेज और सटीक होना मरीजों के लिए बेहद लाभदायक साबित होगा।



### अलग-अलग कमरों में नहीं लगाने होंगे चक्कर


नई व्यवस्था के तहत मरीजों व उनके परिजनों को राहत मिलेगी। पहले जांच के लिए अलग-अलग कमरों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन अब अधिकांश ब्लड सैंपलों की जांच एक ही स्थान पर की जाएगी। इससे न केवल समय की बचत होगी बल्कि आपातकालीन स्थिति में मरीजों को अनावश्यक परेशानी से भी राहत मिलेगी।

# दिल्ली बाइपास पर देर रात दो गुटों में खूनी भिड़ंत

**लेट नाइट 2: 10 बजे**

**रोहतक।** रोहतक के दिल्ली बाइपास पर शुक्रवार देर रात दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गई। करीब 10 से 15 युवकों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों, बेल्ट और हॉकी स्टिक जैसी छड़ों से हमला कर दिया। घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों में दहशत फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों गुट तीन कारों और दो से तीन बाइकों पर सवार होकर पहुंचे थे। किसी बात को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर हमला करते हुए गाली-गलौज और हंगामा करते रहे। बताया गया कि झगड़ते हुए सभी युवक शहर की ओर भागे। इसी दौरान देव कॉलोनी के सामने सीआर लॉ कॉलेज के पास एक कार से दूसरी को टक्कर मार दी। हादसे और मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

## लाठी-डंडों से हमला, 10 से 15 युवकों में जमकर मारपीट, सीआर कॉलेज के सामने गाड़ी को मारी टक्कर, एक गंभीर घायल, पुलिस मौके पर पहुंची



### झगड़े के पीछे की वजह का खुलासा नहीं

सूचना मिलते ही पीसीआर और डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए पंडित भगवत दयाल शर्मा पीजीआईएमएस पहुंचाया। घटना के बाद पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और आसपास मौजूद लोगों से जानकारी जुटाई। झगड़े के पीछे की वजह का अभी खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज करेगी। अधिकारियों का कहना है कि जांच के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। समाचार लिखे जाने तक पुलिस मौके पर मौजूद थी।

**2017 के बाद द्वितीय जलघर के टैंकों की व्यापक सफाई नहीं**

# शहर के जलघरों के टैंकों में जमी गाद से 20 से 30% घटी पानी भंडारण क्षमता

## टैंकों की नियमित सफाई और रखरखाव नहीं होने से पानी की गुणवत्ता भी प्रभावित हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





**अलग खबर**

शहर की पेयजल व्यवस्था का आधार तीन प्रमुख जलघर, प्रथम (सोनीपत रोड), द्वितीय (झज्जर रोड) और देव कॉलोनी लंबे समय से जल भंडारण टैंकों की नियमित सफाई और रखरखाव नहीं होने के कारण क्षमता और गुणवत्ता दोनों के संकट का सामना कर रहे हैं। विभागीय मानकों के अनुसार भूमिगत टैंकों की डी-सिल्टिंग (गाद निकालना) और आंतरिक सफाई छह माह से दो वर्ष के अंतराल पर की जानी चाहिए, लेकिन समय पर सफाई नहीं होने से टैंकों की तलहटी में गाद, काई और मिट्टी की परतें जमती जा रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे टैंकों की प्रभावी जल भंडारण क्षमता में लगभग 20 से 30 प्रतिशत तक कमी आ सकती है।

झज्जर रोड स्थित द्वितीय जलघर की स्थिति सबसे अधिक चिंता का विषय बनी हुई है। जानकारी के अनुसार यहां के टैंकों की व्यापक सफाई वर्ष 2017 के बाद नहीं हुई है। जनवरी 2026 में जलघरों की स्थिति को लेकर प्रकाशित रिपोर्ट में भी टैंकों में गाद और जलकुंभी जमा होने का उल्लेख किया गया था। गाद जमा होने से टैंक की उपयोगी गहराई कम हो जाती है, जिससे पहले की तुलना में कम मात्रा में पानी संग्रहित हो पाता है। इसका असर विशेष रूप से नहर बंदी या अधिक मांग के समय जलापूर्ति पर पड़ सकता है। शहर के प्रथम और द्वितीय जलघर पेयजल आपूर्ति की मुख्य धुरी हैं। प्रथम जलघर की भंडारण क्षमताकरीब 2,120 लाख लीटर है और यहां से शहर की 80 से अधिक कॉलोनियों में पानी की आपूर्ति होती है। वहीं शहर की बढ़ती आबादी और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए तृतीय जलघर परिसर में 7065 किलोलीटर क्षमता का नया क्लियर वाटर रिजर्वायर बनाने की योजना भी स्वीकृत की जा चुकी है। हालांकि द्वितीय जलघर के प्रत्येक टैंक की वर्तमान आधिकारिक भंडारण क्षमता विभाग ने सार्वजनिक नहीं की है।

### सुधार कार्य जारी, लेकिन नियमित सफाई जरूरी

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) शहर की पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जवाहरलाल नेहरू (जेएलएन) नहर से प्रथम जलघर तक नई पाइपलाइन बिछाने, क्षतिग्रस्त सीवर लाइनों की मरम्मत, नए बूस्टिंग स्टेशन विकसित करने तथा पुराने जल कनेक्शनों को बदलने जैसी परियोजनाओं पर काम कर रहा है। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि नई परियोजनाओं के साथ-साथ मौजूदा भूमिगत जल टैंकों की नियमित डी-सिल्टिंग और तकनीकी निरीक्षण भी उतना ही जरूरी है। समयबद्ध सफाई से न केवल टैंकों की भंडारण क्षमता बनी रहेगी, बल्कि शहरवासियों को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने में भी मदद मिलेगी।

### सफाई के लिए तैयार किए जा रहे एस्टीमेट

जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के एसडीओ राजेश रोहिला ने बताया कि तीनों जलघरों के भूमिगत टैंकों की सफाई के लिए एस्टीमेट तैयार किए जा रहे हैं। स्वीकृति मिलने के बाद नियमानुसार सफाई कार्य शुरू कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रथम, द्वितीय और तृतीय जलघर से प्रतिदिन लगभग 2.25 से 2.50 करोड़ लीटर पेयजल की आपूर्ति शहर के विभिन्न क्षेत्रों में की जा रही है। विभाग का प्रयास है कि नियमित रखरखाव के माध्यम से जलापूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुचारु बनाया जाए।

**-राजेश रोहिला** एसडीओ स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग

### दूषित पानी से पेट संबंधी बीमारियों का जोखिम

दूषित पानी और लो-प्रेशर की बढ़ रही शिकायतें टैंकों में लंबे समय तक गाद और काई जमा रहने से पानी की गुणवत्ता भी प्रभावित होने का खतरा रहता है। कई क्षेत्रों से समय-समय पर मटमैले और बदबूदार पानी की शिकायतें सामने आती रही हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार यदि जल शोधन और क्लोरीनेशन व्यवस्था प्रभावित हो तो डायरिया, हेपेटाइटिस (पीलिया) तथा पेट संबंधी बीमारियों का जोखिम बढ़ सकता है। भंडारण क्षमता घटने का असर पानी के दबाव पर भी पड़ता है।

### अंतिम छोर तक नहीं पहुंच पाता पर्याप्त पानी

जलापूर्ति लाइन के अंतिम छोर पर स्थित कॉलोनियों में अक्सर कम दबाव से पानी पहुंचने की शिकायत रहती है। पर्याप्त पानी नहीं मिलने पर लोग सबमर्सिबल और निजी बोरवेल का सहारा लेने को मजबूर हो रहे हैं, जिससे भूजल दोहन भी बढ़ रहा है। बढ़ती आबादी से बढ़ा जलघरों पर दबाव शहर में लगातार विकसित हो रहे नए सेक्टरों और कॉलोनियों के कारण पेयजल की मांग तेजी से बढ़ी है। ऐसे में यदि जलघरों की वास्तविक भंडारण क्षमता गाद के कारण लगातार घटती रही तो भविष्य में पानी के भंडारण और वितरण की व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है, विशेषकर नहर बंदी के दौरान जब जलघरों में पहले से संग्रहित पानी के सहारे ही आपूर्ति जारी रखी जाती है।

## दो बहनों के बाद अब दीप्तांशु अहलावत भी बनेगा डॉक्टर

**महम।** खरकड़ा गांव के दीप्तांशु अहलावत ने नीट परीक्षा में 315वां ऑल इंडिया रैंक हासिल किया है। ऑल इंडिया एक्जाम में इतना कम रैंक लेकर दीप्तांशु ने बहुत ही खास उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। दीप्तांशु का परिवार फिलहाल रोहतक में रहता है। लेकिन गांव में जैसे ही इस बात का पता चला कि उनके गांव के लाल ने नीट परीक्षा में ऑल इंडिया स्तर पर 315वां रैंक हासिल किया है तो गांव के लोग फूले नहीं समाए। दीप्तांशु के पिता अजमेर सिंह महम खंड के गांव किशनगढ़ के सरकारी स्कूल से मार्च माह में प्रिंसिपल के पद से रिटायर हुए हैं। उनकी माता पूनम गांव भाली आनंदपुर के सरकारी स्कूल में हिंदी पीजीटी के पद पर कार्यरत हैं। दीप्तांशु की बहन चेल्सी नोएडा में रेडियोलोजी में स्नातकोत्तर की पढाई कर रही है। जबकि दूसरी बहन मुस्कान सफदरजंग मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस कर रही है। दीप्तांशु के पिता अजमेर सिंह ने बताया कि उनके बेटे ने ऑल इंडिया स्तर पर न केवल उनका नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे हरियाणा प्रदेश, रोहतक जिला और महम चौबीसी इलाके के लोगों का नाम ऊंचा किया है। महम चौबीसी में तो यह एक रिकॉर्ड बन गया है कि एक घर के तीनों बच्चे डॉक्टर बन गए हैं। यह सब बेटे की कड़ी मेहनत की वजह से संभव हो पाया है। दीप्तांशु का कहना है कि माता पिता, गुरुजनों और बड़ी बहनों के मार्गदर्शन से यह संभव हो पाया है। दीप्तांशु के पिता ने बताया कि उसके बेटे ने चार साल तक एकेडमी में पढ़ाई के दौरान मोबाइल हाथ तक नहीं लगाया। साथ ही टीवी से भी दूर रखा गया। पिता ने बताया कि अभी हाल ही में उसके बेटे ने सीबीएसई बोर्ड से 12वीं की कक्षा उत्तीर्ण की है। बारहवीं कक्षा में उसने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। पहली बार ही उसने नीट की परीक्षा दी थी।



## नीट-यूजी 2026: एलन रोहतक की मंशा गर्ग बनीं देश की तीसरी गर्ल टॉपर



**720 में से 705 अंक अर्जित कर 17वीं रैंक हासिल की**

**रोहतक।** देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी 2026' के परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट रोहतक के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता का परचम लहराया है। संस्थान की नियमित क्लास रूम छात्रा मंशा गर्ग ने 720 में से 705 अंक अर्जित कर ऑल इंडिया रैंक -17 हासिल की है। इस शानदार प्रदर्शन के साथ मंशा देश भर में तीसरी गर्ल टॉपर बनी हैं। एलन रोहतक के सेंटर हेड अभिषेक मिश्रा ने बताया कि संस्थान का परिणाम बेहद उत्कृष्ट रहा है। टॉप-500 में रोहतक सेंटर के 3 विद्यार्थियों ने जगह बनाई है, जिनमें मंशा गर्ग (एआईआर-17) के अलावा निपुण गर्ग ने ऑल इंडिया रैंक-208 और मन्नत ने ऑल इंडिया रैंक-351 प्राप्त की है। वहीं, टॉप-5000 में संस्थान के 7 छात्र शामिल हैं। राष्ट्रीय स्तर पर भी एलन का दबदबा रहा। एलन के आर्यन गुप्ता ने एआईआर-1 और पंशुल बंसल ने एआईआर-2 हासिल की है, दोनों ने 715/720 अंक प्राप्त किए। टॉप-10 में एलन के 5 और टॉप-100 में 46 विद्यार्थियों ने स्थान पाया है। एलन के सीईओ नितिन कुकरेजा ने इस एतिहासिक सफलता पर सभी होनहार विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## बोहर के रितेश ने ऑल इंडिया 476वीं रैंक डॉक्टर दंपति के बेटे हर्ष को मिले 641 अंक

**रोहतक।** जिले के गांव बोहर के रहने वाले किसान प्रवीण के बेटे रितेश ने नीट यूजी परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 720 में से 671 अंक हासिल कर पूरे जिले का नाम रोशन किया है। रितेश ने ऑल इंडिया स्तर पर 476वीं रैंक हासिल की है। वहीं डॉक्टर दंपति के बेटे हर्ष गोयल ने भी अपनी प्रेरणा और लगन से नीट परीक्षा में 641 अंक लाकर ऑल इंडिया 2194वीं रैंक प्राप्त की है।



रितेश



हर्ष



अजय

### पेपर रद्द होने के बाद भी नहीं खोया हौसला, 12-13 घंटे की रोजाना पढ़ाई

मई में हुई पहली परीक्षा के रद्द होने के बाद छात्र थोड़े निराश जरूर हुए थे, लेकिन जून में दोबारा हुई परीक्षा के लिए उन्होंने दिन-रात एक कर दिया। रितेश ने बताया कि उनका रास्ता काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा; यदि पहली परीक्षा रद्द न होती तो उनका स्कोर 700 से अधिक और रैंक टॉप 100 में होती। वहीं, 643 अंक हासिल करने वाले गांव घिलौड़ निवासी अजय कौशिक ने बताया कि दोबारा परीक्षा के डर के बीच उन्होंने रोजाना 12 से 13 घंटे पढ़ाई पर पूरा फोकस रखा।

### कोई मोबाइल से रहा दूर, तो किसी ने बैडमिंटन खेलकर दिमाग रखा फ्रेश

सफलता के पीछे इन छात्रों की खास रणनीति दिमाग को शांत रखना रही। अजय कौशिक ने पढ़ाई के दौरान खुद को मोबाइल के कंट्रोल्ड इस्तेमाल तक सीमित रखा और दिमाग को फ्रेश रखने के लिए दोस्तों के साथ बाहर जाते थे। दूसरी ओर, हर्ष गोयल ने बताया कि आत्मविश्वास में कमी आने पर शिक्षकों ने उनका पूरा साथ दिया और स्ट्रेस दूर करने के लिए वे बैडमिंटन खेलते या अन्य एक्टिविटी करते थे।

**सूचना**

मैं, महताब पुत्र श्री खेमचन्द निवासी गांव अटायल, तहसील सांपला बयान करता हूं कि मेरा पुत्र नरेन्द्र व पुत्रवधु दीप्ति मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**मानसरोवर हॉस्पिटल**
**REQUIRES**
- MRI/CT TECHNICIAN 4
- COMPUTER OPERATOR 2
- PRO 2
- NURSING STAFF 4
- WARD BOY 2
- GATE KEEPER 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

**मदवि में पत्रकारों से रूबरू हुई हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन उषा प्रियदर्शी**

# महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए आयोग पूरी तरह प्रतिबद्ध

**समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति अपराधों की बन रही वजह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन उषा प्रियदर्शी ने कहा कि आयोग महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। महिलाओं और बेटियों के विरुद्ध अपराध करने वालों को अपनी सोच बदलनी चाहिए तथा समाज में हर महिला का सम्मान उसी तरह करना चाहिए, जैसा वे अपने परिवार की महिलाओं का करते हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि महिलाओं पर अत्याचार करने वालों के विरुद्ध आयोग पूरी सख्ती से कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। शुक्रवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के टैगोर सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में उषा प्रियदर्शी ने कहा कि समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति कई गंभीर अपराधों की वजह बन रही है। ऐसे में युवाओं को नशे से दूर रहकर स्वस्थ और सकारात्मक समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा केवल कानून व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।



**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन उषा प्रियदर्शी।

### हाइड्रोजन ट्रेन हरित विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

उषा प्रियदर्शी ने कहा कि देश में शुरू हुई हाइड्रोजन ट्रेन पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा और हरित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे आधुनिक परिवहन व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी और आने वाली पीढ़ियों को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सड़क, रेल और अन्य आधारभूत ढांचे से जुड़ी परियोजनाएं उद्योग, व्यापार, रोजगार और आमजन की आवाजाही को गति देंगी। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के हरियाणा दौरे से प्रदेशवासियों में उत्साह का माहौल बना है और यह विकास के नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, भाजपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका, प्रदेश सचिव रेणु डाबला, चेयरपर्सन मंजू हुड्डा, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल तथा दीपक हुड्डा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### द आर्यन ग्लोबल में छात्रों को किया जागरूक



**रोहतक।** द आर्यन ग्लोबल स्कूल में होंडा के सहयोग से सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों, वाहन चालकों और स्टाफ को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में होंडा के प्रतिनिधियों ने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और यातायात संकेतों का पालन करने जैसे महत्वपूर्ण सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। उन्होंने संवादात्मक सत्र और वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से सुरक्षित यात्रा के व्यावहारिक सुझाव साझा किए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रही, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेता छात्रों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, विद्यालय के बस चालकों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित कर सुरक्षित वाहन संचालन व सड़क अनुशासन के नियम सिखाए गए। साथ ही, स्टाफ सदस्यों को भी जिम्मेदार ड्राइविंग के लिए प्रेरित किया गया। यह आयोजन सभी के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक व प्रेरणादायक रहा।



### समय पर न्याय प्राप्त करना नागरिक अधिकार

**रोहतक।** विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर शुक्रवार को स्थानीय शमशेर बहादुर सक्सेना कॉलेज ऑफ लॉ में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय तेवतिया के मार्गदर्शन तथा सचिव डॉ. तरन्नुम खान के निर्देशानुसार आयोजित हुआ। डॉ. तरन्नुम खान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि समय पर और निष्पक्ष न्याय प्राप्त करना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है तथा आर्थिक कारणों से कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि जरूरतमंद लोग जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिले के विधि महाविद्यालयों में लीगल एड क्लीनिक स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि विद्यार्थियों और आमजन को कानूनी परामर्श आसानी से मिल सके। बॉक्स कार्यक्रम के दौरान डॉ. खान ने कॉलेज परिसर में पौधारोपण भी किया और पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। अधिवक्ता विशाल ने विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के महत्व, राष्ट्रीय लोक अदालत, समाधान समारोह तथा टोल फ्री हेल्पलाइन 15100 की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से समाज में विधिक जागरूकता फैलाने की अपील की। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राध्यापक, विद्यार्थी और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



### पूर्व छात्र सीए गौरव ने दिए सफलता के मंत्र

**रोहतक।** आई.बी. विद्यालय में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और सही दिशा-निर्देशन के लिए एक प्रेरणादायक करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में विद्यालय के गौरवशाली पूर्व छात्र (एल्युमनस) और प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) गौरव बंसल ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। सीए गौरव बंसल ने विद्यार्थियों को वर्तमान समय में उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों, उच्च शिक्षा और प्रोफेशनल कोर्सेज की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को अपनी रुचि, क्षमता और लक्ष्य के अनुरूप सही राह चुनने की प्रेरणा दी। साथ ही, उन्होंने सफलता के लिए समय प्रबंधन, कौशल विकास, आत्मविश्वास और निरंतर सीखने की आदत को बेहद जरूरी बताया।इस संवादात्मक सत्र में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और अपने करियर से जुड़े कई महत्वपूर्ण सवाल पूछे, जिनका गौरव बंसल ने सरल तरीके से समाधान किया। स्कूल प्रबंधन ने मुख्य वक्ता का स्वागत और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे पूर्व छात्र की उपलब्धियाँ वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का सबसे बड़ा स्रोत हैं। यह सत्र भविष्य की दिशा तय करने में मील का पत्थर साबित होगा।



### एरिक हेड बॉय व ग्रेस बनीं हेड गर्ल

**रोहतक।** जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्र परिषद के अलंकरण समारोह का गरिमापूर्ण आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा 12वीं के छात्र एरिक को हेड बॉय और ग्रेस को हेड गर्ल नियुक्त किया गया।समारोह में चारों सदनों (इक्वलिटी, पीस, प्रोग्रेस और यूनिटी) के नवनियुक्त कप्तान नीरू, अनीशा, भूमिका व इच्छिता समेत उप-कप्तानों, स्पोर्ट्स कप्तानों, क्लब हेड्स और कक्षा मॉनिटर्स को बैज व सैश पहनाकर सम्मानित किया गया। छात्र परिषद के सभी सदस्यों ने विद्यालय के नियमों, सत्य और निष्ठा की शपथ ली। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शानदार मार्च पास्ट कर प्रधानाचार्या को सलामी दी, वहीं कक्षा 5वीं से 8वीं के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने चयनित छात्र-नेताओं को बधाई दी।

### मेडिकल कॉलेज को किया देहदान



**रोहतक।** क्षेत्रीय आई बैंक मेडिकल कॉलेज को निरंकारी मिशन के सहयोग से एक नेत्रदान एवं देहदान की ओर प्राप्ति हुई । आहुति फाउंडेशन गोहाना एवं निरंकारी मिशन से सुरेंद्र विश्वास ने पूर्व मुख्य नेत्र अधिकारी दिनेश शर्मा से संपर्क कर जानकारी दी कि पंकज मक्कड़ एवं उनका परिवार शकुंतला मक्कड़ निवासी नेहरू कॉलोनी की आखें और शरीर दान करना चाहते है। पूर्व मुख्य नेत्र अधिकारी दिनेश शर्मा ने तुरंत आरआईओ इंचार्ज डॉक्टर आरएस चौहान एवं एनाटॉमी डिपार्टमेंट के इंचार्ज डॉ विवेक मलिक एवं विपिन गरसा से संपर्क किया। डॉक्टर चौहान एवं डॉ विवेक की सहमति के बाद पूर्व मुख्य नेत्र अधिकारी शकुंतला मकर के शरीर को लेने के लिए उनके निवास स्थान नेहरू कॉलोनी गए और पार्थिव शरीर को मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी डिपार्मेंट में लेकर आए। डॉक्टर चौहान ने तुरंत टीम गठित गठित करके हॉस्पिटल के एनाटॉमी डिपार्मेंट भेजा।

## खबर संक्षेप



रोहतक। सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा आरोपी। फोटो: हरिभूमि

### दूध की दुकान से नकदी चोरी वारदात सीसीटीवी में कैद

**रोहतक।** शहर के सर्कुलर रोड पर चोरों ने दूध की दुकान को निशाना बनाकर हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ली। वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दुकानदार ने पुलिस को बताया कि सुबह दुकान खोलने पहुंचा तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो काउंटर का लॉकर खुला था और उसमें रखी करीब 25 से 30 हजार रुपये की नकदी गायब थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध युवक दुकान में घुसते और बाहर निकलते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर रही है। जल्द गिरफ्तारी का दावा किया गया है।

### आंवल: खेत से 3 एचपी की पानी की मोटर चोरी

**रोहतक।** कलानौर थाना क्षेत्र के गांव आंवल में खेत से सिंचाई के लिए लगी 3 एचपी की तीन फेज पानी की मोटर चोरी होने का मामला सामने आया है। किसान राम सिंह ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि 14 जुलाई शाम को वह धान की फसल की सिंचाई के लिए लुबी कंपनी की मोटर चलाकर घर लौटे थे। अगले दिन सुबह खेत पहुंचे तो मोटर गायब मिली। उन्होंने आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद कलानौर थाना पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और घटनास्थल के आसपास से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

### खेत से ट्यूबवेल की मोटर चोरी, केस दर्ज

**रोहतक।** कलानौर थाना क्षेत्र में खेत से ट्यूबवेल की मोटर चोरी होने का मामला सामने आया है। निंगाना-सांगाहेड़ा मार्ग स्थित खेत से अज्ञात चोर लुबी कंपनी की 2 एचपी मोटर चोरी कर ले गए। किसान जयबीर ने पुलिस को शिकायत दी कि उसने दिसोर खेड़ी निवासी मेहर सिंह का खेत ठेके पर लिया हुआ है, जहां ट्यूबवेल लगा था। 12 जुलाई की रात चोर मोटर उड़ा ले गए। काफी तलाश के बाद भी सुराग नहीं मिलने पर पुलिस में शिकायत दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वायड टीम को भी बुलाया गया।

# जब प्रशासन ने नहीं ली सुध, तब रिटायर फौजियों और शिक्षकों ने उठाया राजीव गांधी स्टेडियम चमकाने का बीड़ा

## दो माह से रोज कर रहे श्रमदान, झाड़-झंखाड़ साफ कर दे रहे नई पहचान

रोहित डागर ▶▶| रोहतक

जज्बे को सलाम

उम्र सिर्फ एक संख्या है और जब इरादे मजबूत हों तो समाज में कोई भी बदलाव लाया जा सकता है। इस बात को सच कर दिखाया है हमारे जिले के कुछ बुजुर्गों ने। राजीव गांधी खेल स्टेडियम लंबे समय से बदहाली, ऊंची घास और गंदगी से जूझ रहा था। खेल मैदानों की हालत बिगड़ती गई, लेकिन जिला प्रशान की ओर से इसके सुधार की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई। ऐसे में कुछ रिटायर फौजियों, शिक्षकों और जागरूक नागरिकों ने प्रशासन का इंतजार करने के बजाय खुद जिम्मेदारी उठाने का फैसला किया। पिछले दो महीनों से ये बुजुर्ग रोजाना झाड़, दरांती और अन्य औजार लेकर स्टेडियम की सफाई में जुटे हैं। इतना ही नहीं, वे पौधों को पानी देकर उनकी देखभाल भी कर रहे हैं। उनका यह जज्बा और श्रमदान केवल सफाई अभियान नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और जनभागीदारी की प्रेरक मिसाल बन गया है।

ये रिटायर बुजुर्ग झाड़-झंखाड़ साफ कर स्टेडियम को नई पहचान दे रहे हैं। स्टेडियम की दुर्दशा पर बात करते हुए रिटायर कर्नल शमशेर सिंह ने बताया, स्टेडियम का बहुत बुरा हाल था। सभी ग्राउंड्स की हालत खराब हो चुकी थी। पूरे परिसर में इतनी बड़ी-बड़ी घास उग आई थी कि वह आधे रोड तक फैल गई थी। इस घास के कारण छोटे पौधे पूरी तरह ढक गए थे और उनका विकास रुक गया था। इसके अलावा, यहां सुबह-शाम टहलने वालों के लिए जहरीले जीव-जंतुओं का भी बड़ा खतरा बना हुआ था।





### 5 साथियों से शुरू हुआ कारवां, अब जुड़ रहे दर्जनों हाथ

कर्नल शमशेर सिंह ने बताया कि वे सभी लोग सुबह-शाम यहां घूमने आते थे। स्टेडियम की दुर्दशा देखकर उनसे रहा नहीं गया। शुरुआत में महज 4-5 लोगों ने मिलकर सफाई का काम शुरू किया था। इस मुहिम की शुरुआत करने वालों में रिटायर कर्नल शमशेर सिंह, रिटायर अध्यापक कृष्ण कुमार, रिटायर अध्यापक समुंद्र सिंह, रिटायर इंस्पेक्टर बलकार सिंह और जगबीर नरवाल शामिल हैं। अब स्थिति यह है कि ये 5 लोग तो हर रोज सफाई करते ही हैं, लेकिन समय निकालकर 15 से 20 अन्य लोग भी इस नेक काम में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### बूंद-बूंद पानी से सींच रहे हैं पौधों का जीवन

स्टेडियम को साफ करने के साथ-साथ ये बुजुर्ग पर्यावरण को बचाने में भी जुटे हैं। स्टेडियम के पेड़-पौधों को जिंदा रखने के लिए ये सभी बुजुर्ग घर से अपने साथ पानी की बोतलें भरकर लाते हैं और खेल के मैदानों के आस-पास लगे छोटे पौधों को सींचते हैं, ताकि वे बड़े होकर छाया और ऑक्सीजन दे सकें। बुर्जगों ने कहा कि अगर हम अपनी सरकारी संपत्तियों को अपनी निजी संपत्ति मानकर उनकी परवाह करने लगें, तो व्यवस्था सुधरने में देर नहीं लगेगी।





**कर दी सफाई**
टीम के सदस्य जगबीर नरवाल ने बताया कि क्रिकेट मैदान के चारों तरफ इतनी ऊंची घास थी कि बाहर से कुछ दिखाई ही नहीं देता था। लेकिन अब सफाई के बाद सब कुछ साफ नजर आता है। स्टेडियम में लगी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा (स्टैच्यू) के आस पास भी बड़ी-बड़ी घास उगी हुई थी।

### मैदान बना नहीं सकते, तो क्या साफ भी नहीं रख सकते

मुहिम से जुड़े रिटायर मास्टर कृष्ण कुमार ने बेहद भावुक और प्रेरक बात कही। उन्होंने कहा, स्टेडियम के मैदान बुरी हालत में हैं। यह सच है कि हम नए खेल मैदान तो खुद नहीं बना सकते (क्योंकि वह प्रशासन का काम है), लेकिन जो मैदान हमारे पास हैं, उनकी साफ-सफाई तो हम कर ही सकते हैं। यह हमारा स्टेडियम है और यहां का पर्यावरण स्वच्छ रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

## बिजली और पानी संकट से भड़के ग्रामीणों ने लगाए नारे

# मकड़ौली के लोगों ने लगाया टोल पर जाम, टिटौली में बिजली घर घेरा

**अधिकारियों के आश्वासन और बिजली आपूर्ति बहाल होने के बाद मकड़ौली में खुला रास्ता**

**कई दिनों से परेशान ग्रामीणों ने कहा–शिकायतों के बाद भी नहीं हुआ स्थायी समाधान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली-पानी की किल्लत से जूझ रहे ग्रामीणों का सब्र आखिरकार जवाब दे गया। गांव मकड़ौली और टिटौली में लगातार बिजली व पेयजल समस्या के विरोध में ग्रामीण देर रात मकड़ौली टोल प्लाजा पर पहुंच गए और जाम लगा दिया। देखते ही देखते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात प्रभावित हो गया। ग्रामीणों का आरोप था कि कई दिनों से वे बिजली और पानी की समस्या झेल रहे हैं, लेकिन संबंधित विभागों के अधिकारी केवल आश्वासन देकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। बाद में पुलिस और बिजली निगम के अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद बिजली आपूर्ति बहाल कराई गई, जिसके बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया। वहीं, टिटौली के ग्रामीणों ने बिजलीघर घेराव किया।

### कई दिनों से दिक्कत

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पिछले कई दिनों से बिजली की आपूर्ति लगातार बाधित हो रही है। इसके चलते पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसी रोष के चलते ग्रामीणों ने टोल प्लाजा पर प्रदर्शन कर प्रशासन का ध्यान अपनी ओर खींचने का प्रयास किया।



रोहतक। बिजली संकट को लेकर रोड जाम करते ग्रामीण।

### 10 मिनट बिजली, 45 मिनट कट' से बढ़ी परेशानी

ग्रामीणों ने बताया कि बार-बार बिजली कटने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और रात के समय लोगों की नींद तक पूरी नहीं हो पा रही। 10 मिनट बिजली आती है और 45 मिनट कट' होने से दिक्कत बढ़ जाती है। चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में सड़क जाम जैसे बड़े आंदोलन किए जाएंगे। बिजली निगम के अधिकारियों ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि बिजली आपूर्ति व्यवस्था का जल्द समाधान किया जाएगा।

### समाधान नहीं तो आंदोलन करेंगे



मकड़ौली टोल पर जाम की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और बिजली निगम के अधिकारियों से तत्काल संपर्क किया। इसके बाद गांव में बिजली आपूर्ति शुरू कराई गई। अधिकारियों के आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया। हालांकि ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन शुरू करेंगे। सदर थाना प्रभारी नीरज ने बताया कि जाम की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। ग्रामीणों की शिकायतें उचित हैं और संबंधित विभागों के साथ उनकी बैठक कराकर समस्या के समाधान का प्रयास किया जाएगा।

### पहले भी हो चुकी है पंचायत लेकिन नहीं मिल पाई राहत

ग्रामीणों ने बताया कि बिजली और पानी की समस्या को लेकर कुछ दिन पहले गांव में पंचायत भी आयोजित की गई थी। पंचायत में बिजली निगम और जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी पहुंचे थे और जल्द समाधान का भरोसा दिया था। हालांकि कुछ समय के लिए स्थिति सामान्य रही, लेकिन बाद में समस्या फिर से गंभीर हो गई। अधिकारियों के आश्वासन पूरे नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ गया।

### ग्रामीणों ने की नारेबाजी

उधर, गांव टिटोली में भी बिजली संकट को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। देर रात बड़ी संख्या में ग्रामीण भगवतीपुर स्थित बिजलीघर पहुंच गए और वहां नारेबाजी करते हुए घेराव किया। ग्रामीणों का आरोप था कि बिजली आपूर्ति बेहद खराब है और कुछ मिनट बिजली आने के बाद लंबे कट लगाए जा रहे हैं।

# डॉ. बतरा के निधन पर भाजपा नेताओं ने जताया शोक, परिजनों को बंधाया ढांढस

**रोहतक।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं हरियाणा प्रदेश प्रभारी राज्यसभा सांसद डॉ. सतीश पूनिया, कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार सहित राज्यसभा सांसद संजय भाटिया ने शुक्रवार को स्वर्गीय डॉ. आदित्य बतरा के निवास पर पहुंचकर उनके भाई अंकुर बतरा व अन्य परिजनों से मुलाकात की और गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान भाजपा नेता नागेंद्र शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, मेयर राम अवतार वाल्मीकि, सीएम के पब्लिसिटी ओएसडी गजेंद्र फोगाट तथा जिला प्रधान एडवोकेट रणवीर ढाका ने भी दिवंगत चिकित्सक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार को ढांढस बंधाया। डॉ. सतीश पूनिया ने कहा डॉ. बतरा न केवल कुशल चिकित्सक थे, बल्कि सेवा और समर्पण की मिसाल भी थे। उन्होंने कहा कि डॉ. आदित्य बतरा का असामयिक निधन चिकित्सा जगत और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। सभी नेताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए ईश्वर से शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।



रोहतक। डॉ. आदित्य बतरा के निवास पर शोक व्यक्त करते हरियाणा प्रदेश प्रभारी राज्यसभा सांसद डॉ.सतीश पूनिया व अन्य भाजपा नेता। फोटो: हरिभूमि

### श्रद्धांजलि सभा आज

डॉ. आदित्य बतरा के निधन से पूरे रोहतक में शोक का माहौल है। डॉ. बतरा के भाई अंकुर बतरा ने बताया कि श्रद्धांजलि सभा शनिवार को बोहर स्थित रियासत गार्डन में दो से साढ़े तीन बजे तक की जाएगी।

## कोर्ट गए पूर्व सैनिक की इलेक्ट्रिक स्कूटी चोरी

■ पोस्ट ऑफिस के सामने से मिनटों में ले उड़े चोर

**रोहतक।** शहर में वाहन चोर लगातार बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला आर्य नगर थाना क्षेत्र का है, जहां कोर्ट में काम से गए एक सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी की इलेक्ट्रिक स्कूटी पोस्ट ऑफिस के सामने से चोरी हो गई। कुछ ही देर बाद लौटने पर स्कूटी गायब मिली। काफी तलाश के बावजूद कोई सुराग नहीं मिलने पर पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव खेड़ी साध निवासी दर्शन सिंह पुत्र स्वरूप सिंह, जो सेना से सेवानिवृत्त हैं, पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सुबह करीब 9:30 बजे वह किसी कार्य से कोर्ट आए थे। उन्होंने अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी पोस्ट ऑफिस के सामने खड़ी की और कोर्ट चले गए। कुछ समय बाद जब वह वापस लौटे तो स्कूटी मौके से गायब मिली। पीड़ित ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन स्कूटी का कोई पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने आर्य नगर थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। शिकायत के साथ स्कूटी के दस्तावेज भी पुलिस को उपलब्ध कराए गए। चोरी हुई स्कूटी का चेसिस नंबर तथा मोटर नंबर बताया गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर 17 जुलाई के तहत में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और वाहन चोरों की तलाश में जुटी है।

## विवाहिता को घर से निकाला पति समेत सात पर केस

■ दहेज नहीं मिलने पर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप

**रोहतक।** दहेज प्रताड़ना के मामले में पुलिस ने पति सहित ससुराल पक्ष के सात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ लगातार मारपीट और मानसिक उत्पीड़न किया गया तथा उसे घर से निकालकर जान से मारने की धमकी दी गई।दुर्गा कॉलोनी निवासी प्रीति चावला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका विवाह जवाहर नगर निवासी सौरभ सहगल से हुआ था। शादी के बाद से ही पति और ससुराल पक्ष के अन्य सदस्य अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। पीड़िता के अनुसार, उसके मायके वालों ने कई बार मांगें पूरी भी कीं, लेकिन आरोपियों की मांगें बढ़ती गईं। जब परिवार ने और दहेज देने में असमर्थता जताई तो आरोपियों ने उसे घर से निकाल दिया और जान से मारने की धमकी दी।शिकायत में पति सौरभ सहगल, सास सुषमा, भाभी पायल, देवर लक्ष्य सहगल, शैलेंद्र सहगल, चाचा अनिल सहगल और विनीता को नामजद किया गया है। पुलिस ने दहेज प्रताड़ना, मारपीट, धमकी और अन्य संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## दिल्ली कैंट स्टेशन के अपग्रेडेशन का असर

# रोहतक रूट की 7 ट्रेनों का दिल्ली कैंट पर तीन माह तक ठहराव नहीं

■ यात्रियों को सफर से पहले एनटीईएस या रेलवे की आधिकारिक सूचना से ट्रेन का अपडेट जांचने की सलाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन के मेजर अपग्रेडेशन कार्य के चलते उत्तर रेलवे ने कई ट्रेनों के संचालन में अस्थायी बदलाव किया है। इसका असर रोहतक से होकर गुजरने वाली सात प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों पर भी पड़ेगा। ये ट्रेनें अपने निर्धारित मार्ग पर सामान्य रूप से चलती रहेंगी और रोहतक सहित अन्य स्टेशनों पर तय समयानुसार रुकेंगी, लेकिन 15 जुलाई से अक्टूबर तक अलग-अलग अवधि के दौरान दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन पर इनका ठहराव नहीं होगा। यह निर्णय स्टेशन पर प्लेटफॉर्म दो और तीन के ब्लॉक लेकर किए जा रहे निर्माण कार्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

उत्तर रेलवे के अनुसार प्रभावित ट्रेनों में 14088 जैसलमेर–दिल्ली एक्सप्रेस, 14322 भुज–बरेली एक्सप्रेस, 14713 बीकानेर–दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस, 22422 उदयपुर–नई दिल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 22471 बीकानेर–दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस, 22491 जोधपुर–दिल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस तथा 12915 साबरमती–दिल्ली एक्सप्रेस शामिल हैं। इन ट्रेनों का केवल दिल्ली कैंट स्टेशन पर अस्थायी रूप से ठहराव समाप्त किया गया है। रेलवे अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि ट्रेनों के मार्ग में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। रोहतक से यात्रा करने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की अतिरिक्त परेशानी नहीं होगी। हालांकि, जिन यात्रियों को दिल्ली कैंट स्टेशन से इन ट्रेनों में चढ़ना या उतरना था, उन्हें अब नई व्यवस्था के अनुसार नई दिल्ली, दिल्ली सराय रोहिल्ला या अन्य निर्धारित स्टेशनों का उपयोग करना होगा।

## एक सप्ताह से जलभराव, राहगीर और स्थानीय लोग परेशान


# डबल फाटक पर पेयजल पाइपलाइन लीक सड़क पर व्यर्थ बह रहा हजारों लीटर पानी

■ जल्द समाधान नहीं हुआ तो विभाग के खिलाफ प्रदर्शन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अलग खबर

डबल फाटक अंडरपास के बाहर कन्हेली रोड पर पिछले एक सप्ताह से पेयजल पाइपलाइन लीक होने के कारण प्रतिदिन हजारों लीटर पीने का पानी व्यर्थ बह रहा है। लगातार पानी बहने से सड़क और आसपास की गलियों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि कई बार जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को शिकायत देने के बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं किया गया है। समाजसेवी जसबीर का कहना है कि पाइपलाइन से सुबह और शाम जलापूर्ति के दौरान करीब एक-एक घंटे तक लगातार पानी सड़क पर बहता रहता है। इससे एक ओर बड़ी मात्रा में पेयजल बर्बाद हो रहा है, वहीं दूसरी ओर कई घरों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा। लोगों को पीने के पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है, जबकि उसी समय सड़क पर स्वच्छ पानी व्यर्थ बहता रहता है। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों से कई बार संपर्क किया जा चुका है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि विभाग के अधिकारी मयंक भारद्वाज को भी पाइपलाइन लीकेज की फोटो और वीडियो भेजी गई थी, ताकि समस्या की गंभीरता से अवगत कराया लेकिन ठीक नहीं कराया गया।



रोहतक। लीकेज के कारण सड़क पर बहता है पानी। फोटो: हरिभूमि

### जल्द मरम्मत की मांग

क्षेत्रवासियों ने जनस्वास्थ्य विभाग से लीक पाइपलाइन की तुरंत मरम्मत कर पेयजल की बर्बादी रोकने की मांग की है। उनका कहना है कि जल्द समाधान नहीं हुआ तो विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा।

### फिसलन बढ़ी

लगातार पानी बहने से सड़क और गलियों में कीचड़ व जलभराव की स्थिति बन गई है। दोपहिया वाहन चालकों, पैदल राहगीरों और आसपास रहने वाले लोगों को आवाजाही में काफी दिक्कत हो रही है। कई स्थानों पर फिसलन बढ़ने से दुर्घटना का भी खतरा बना हुआ है।